तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 19 दिसम्बर 2023

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 जिले में लकड़ी तस्कर हुए सक्रिय, बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कर खपा रहे दिगर राज्यों में



## खबर संक्षेप

### संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक का क्षेत्रीय सम्मेलन कल

**बिश्रामपुर।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक बिश्रामपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय सम्मेलन 20 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। संघ के सचिव पंकज गर्ग ने बताया कि संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक बिश्रामपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय सम्मेलन 20 दिसंबर को स्थानीय स्नेह मिलन में सुबह साढ़े 11 बजे से आहूत की गई है। उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के महासचिव हरिद्वार सिंह उपस्थित रहेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा रहेंगे। क्षेत्रीय सम्मलेन को लेकर श्रमिक संघ द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### नवपदस्थ क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने संभाला पदभार

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के नवपदस्थ क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार ने सोमवार को अपना पदभार संभाल लिया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी व मैनेजर पार्थ चटर्जी का गतदिनों सोहागपुर क्षेत्र तबादला हो गया है। इसके पश्चात यहां पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के पद पर चिरमिरी क्षेत्र से स्थानांतरित होकर आए सहायक मैनेजर रवि कुमार ने सोमवार को अपना पदभार संभाल लिया है। नवपदस्थ क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार के सामने एसईसीएल क्षेत्र में लगातार हो रही कबाड़ व कोयला चोरी पर अंकुश लगा पाना बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

### एजेंट बनकर मोटी कमाई के चक्कर में गवाएं 5.92 लाख रुपए

**अंबिकापुर।** जनपद में पदस्थ कर्मचारी को एजेंट बनकर मोटी रकम कमाने का झांसा देकर 5.92 लाख रुपए से अधिक की ठगी के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रनहत निवासी दिलीप कुमार गुप्ता आ. अरविन्द कुमार गुप्ता जनपद में क्षेत्रीय समन्वयक के पद पर पदस्थ है। कर्मचारी के पास 23 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर उसके ईएसकेवाई कंपनी का एजेंट बनकर प्रतिदिन 1 हजार से 14 सौ रुपए तक कमीशन व 25 हजार रुपए मासिक बेसिक मानदेय कमाने का झांसा दिया गया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने शुरुआत में तो कर्मचारी को उसका काम करने के एवज में मोटी रकम दी गई। कमीशन मिलने के बाद युवक भी लालच में आ गया और अपने पास से बड़े पैमाने पर रुपए जमा कर दिए लेकिन जब उसे कमीशन नहीं मिला तो उसने कंपनी में सम्पर्क किया। राशि निकासी के नाम पर पुनः उससे रुपए जमा कराए गए। जब रुपए वापस नहीं मिले तो युवक को ठगी का एहसास हुआ। युवक द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा 5 लाख 92 हजार 254 रुपए की ठगी के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### घर से बाहर निकलते ही बहनों को हाथी ने उठाकर पटका

**अंबिकापुर।** शौच के लिए सुबह सुबह घर से बाहर निकलते ही दो बहनों का हाथी से सामना हो गया। घर के बाहर मौजूद हाथी ने दोनों बहनों को उठाकर पटक दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बहनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के सन्ना अंतर्गत कांसाबेल उदारी झरिया निवासी 42 वर्षीया गौरी पति सुमित राम चौहान अपनी छोटी बहन इन्द्रकुमारी के साथ आज तड़के शौच करने के लिए घर से बाहर जा रही थी। दोनों बहनों ने घर का दरवाजा खोलकर जैसे ही कदम बाहर निकाला उनका सामना हाथी से हो गया। हाथी ने दोनों बहनों को उठाकर पटक दिया जिससे घायल हो गई। इस दौरान लोगों ने शोर मचाना शुरू किया जिसके बाद हाथी वहां से भाग गया। गौरी चौहान व इन्द्रकुमारी को उपचार के लिए कांसाबेल में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया जहां फिलहाल दोनों का उपचार जारी है।

## लगातार किए गए तीन विस्फोट

# अपराधियों के हौसले बुलंद, घर पर पेट्रोल बम से किया गया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- क्षेत्र में मचा हड़कंप

शहर में अब अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़ गए है कि वे विस्फोटक सामग्रियों का उपयोग करने पर उतर आए है। बीती रात भी शहर के महामाया रोड में घर पर एक के बाद एक लगातार तीन पेट्रोल बम फेंके गए है। इस घटना के बाद परिवार दहशत में है जबकि क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। परिवार द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पेट्रोल बम फेंकने के पीछे मुख्य कारण दो पक्षों के बीच आपसी रंजिश को बताया जा रहा है लेकिन इस घटना ने शहर में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। बताया जा रहा है कि रविवार की रात लगभग 9 बजे महामाया रोड निवासी मोहम्मद नजील उर्फ बाबू अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर में मौजूद था। इस दौरान घर के बाहर एक के बाद एक लगातार टीम बार विस्फोट होने की आवाज सुनाई दी। आवज सुनकर जब परिवार के लोग बाहर निकले तो उनके होश उड़ गए। युवक के घर के पर्दो, मीटर में आग लगी हुई थी जबकि जमीन पर कांच की बोतल बिखरी पड़ी हुई थी। कांच की बोतल में बत्ती लगी हुई थी। ऐसे में यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि अपराधी किस्म के युवकों द्वारा घर पर पेट्रोल बम से हमला किया गया है। इस घटना के बाद परिवार के लोग दहशत में आ गए जबकि क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ घटना स्थल पर एकत्रित हो गई जिसके बाद मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा फेंके गए पेट्रोल बम के बोतलों को जब्त कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 336, 285, 436 के अपराध दर्ज किया गया है।



घर के सामने मोहल्लेवासियों की भीड़।

### पहली बार हुई बोतल बम की घटना

शहर में अपराधिक घटनाएं आए दिन सामने आती है। शहर में गुटबाजी के साथ ही मारपीट के मामले होते रहते है लेकिन पहली बार बोतल बम की घटना सामने आई है। अपराधियों के हौसले अब इस कदर बढ़ गए है कि घरों पर पेट्रोल बम फेंककर घटना को अंजाम दे रहे है। इस तरह की वारदात के बाद क्षेत्र के लोगों में भी हड़कंप मच गया है। फिलहाल इस घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन इसके पीछे की मुख्य वजह दो गुटों के बीच की आपसी रंजिश को बताया जा रहा है लेकिन आपसी रंजिश में भी इस तरह से घर को निशाना बनाकर पेट्रोल बम फेंकना एक गंभीर समस्या बनकर सामने आई है।

### चल रही है जांच

घटना की शिकायत मिली है। मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।
पुपलेश कुमार एएसपी

# रात के समय छात्रावासों में नहीं रहते अधीक्षक, नए भवन में हो रहा सीपेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर के आकस्मिक निरीक्षण में खुलासा, जारी किया गया नोटिस

अनुसूचित जाति व जनजाति बच्चों के हॉस्टल में बड़े पैमाने पर लापरवाही सामने आई है। हॉस्टल में रात को अधीक्षक नदारद रहते है इसके साथ ही बच्चों के भोजन की गुणवत्ता, शौचालय की व्यवस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है। इतना ही नहीं कई छात्रावासों में अधीक्षक लम्बे समय से जमे हुए है। नए हॉस्टल निर्माण के बाद सीपेज की समस्याएं सामने आ रही है। इन कमियों का खुलासा बीती रात कलेक्टर कुंदन कुमार के आकस्मिक निरीक्षण के बाद हुआ है। कलेक्टर ने देर रात ट्राइबल हॉस्टल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लापरवाही को देखते हुए अधीक्षक व मंडल संयोजक को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही जिले के सभी अधीक्षकों व मंडल संयोजको को चेतावनी देते हुए व्यवस्थाओं में समय रहते सुधार करने के निर्देश दिए है। बता दें कि कलेक्टर कुंदन कुमार, ननि आयुक्त अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारी शहर के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान कलेक्टर ने आदर्श प्री मैट्रिक जनजाति व विशिष्ट प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास नवापारा का निरीक्षण किया। जब कलेक्टर छात्रावास पहुंचे तो वहां अधीक्षक मौजूद नहीं थे। इस दौरान कलेक्टर जा रही सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। हॉस्टल में बच्चों के शौचालय बदहाल स्थिति में पाए गए इसके साथ ही नवनिर्मित भवन से सीपेज हो रहा था जिसे लेकर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जाहिर की। स्वच्छता, आवासीय सुविधा में अव्यवस्थाओं से नाराज कलेक्टर ने सहायक आयुक्त और अधीक्षक को व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण करते हुए बच्चों के शैक्षणिक स्तर से असंतुष्ट होकर मंडल संयोजक और अधीक्षक को नोटिस जारी किए जाने कहा। कलेक्टर ने बच्चों के बेहतर भविष्य के मद्देनजर शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर स्कूल के बाद विशेष ध्यान देते हुए कोचिंग की सुविधा शुरू करने के ⏭ शेष पेज 4 पर



छात्रावासी बच्चों से चर्चा करते कलेक्टर।

### चौक-चौराहों का निरीक्षण

कलेक्टर ने देर रात 10 बजे शहर के आकाशवाणी चौक का निरीक्षण किया और पौनी पसारी बाजार की व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यापारी पौनी पसारी बाजार के बाहर मुख्य सड़क पर ठेले या अस्थाई दुकान नहीं लगाएंगे। मुख्य चौक स्थल पर बसें नहीं रुकेंगी, इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। बसों को चौक से आगे बढ़कर रोके जाने के निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि ठेले आदि से अतिक्रमण भी नहीं होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने मौजूद विक्रेताओं से भी बात कर स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्रतीक्षा बस स्टैंड में स्वच्छता, बसों के खड़े होने की व्यवस्था, बस स्टैंड के बाहर अवैध ठेले, गुमटी से सड़क पर हो रहे अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने थाना प्रभारी और एसडीएम को लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र में निरीक्षण किया और यहां बल बढ़ाने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया।

# खाद बीज दुकान में सेंधमारी कर डेढ़ लाख से अधिक की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बीती रात दिया गया घटना को अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

शहर के शुभम फर्टिलाइजर में बीती रात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में देश से पौने दो लाख रुपए नगदी रकम के चोरी होने की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में शिकायत दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि शहर के रायगढ़ रोड में कन्हैया लाल अग्रवाल की शुभ फर्टिलाइजर के नाम से खाद बीज की दुकान संचालित है। संचालक रविवार की देर शाम 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। आज सुबह व्यवसायी का कर्मचारी सुबह 10 बजे दुकान खोलने पहुंचा था। दुकान का शटर उठाते ही कर्मचारी के होश उड़ गए। कर्मचारी ने व्यवसायी को फोन कर दुकान बुलाया जिसके बाद व्यवसायी भी दुकान पर पहुंचा था। दुकान के अंदर पीछे की दीवार टूटी हुई थी और अंदर दराज के लॉक तोड़ दिए गए थे। दराज में रखा नगदी रकम गायब था। संभावना जताई जा रही है कि चोरों ने सेंधमारी कर दुकान में रखे नगदी रकम की चोरी की है। व्यवसायी ने बताया कि किसानों को लौटाने के लिए कुछ रुपए रखे गए थे जबकि समितियों के फंड भी दुकान में पड़े हुए थे। चोरों ने दुकान से लगभग डेढ़ से पौने दो लाख रुपए की चोरी की है। हालांकि दुकान में व्यवसायी का लैपटॉप भी पड़ा हुआ था लेकिन चोर लैपटॉप को अपने साथ नहीं ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आस पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन के अतिरिक्त बजट के लिए सिंहदेव ने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- 109 करोड़ के अतिरिक्त राशि की आवश्यकता, पूर्व में की थी मुख्यमंत्री से चर्चा

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की पूर्णता हेतु अगामी बजट में 109 करोड़ रुपय का प्रावधान करने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित किया है। इस विषय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मौखिक चर्चा के उपरांत श्री सिंहदेव ने उन्हें पत्र प्रेषित किया। श्री सिंहदेव जब छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे तब उनके प्रयास से वर्ष 2016 में अंबिकापुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई थी, जो कि अस्थायी भवनों में संचालित थी। मेडिकल कॉलेज की आधारभूत ढांचे की कमी के कारण भर्ती की दृष्टि से यहां 2 बार जीरो वर्ष हुए। ऐसे में 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बतौर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मार्च 2019 में मेडिकल कॉलेज के नवीन भवन की नींव रखी। जिसका प्राथमिक बजट 374 करोड़ रुपये था। कोविड महामारी और मेडिकल कॉलेज के नवीन चिकित्सालय भवन की भूमि को लेकर चले न्यायालयीन प्रकरण के कारण मेडिकल कॉलेज का निर्माण विलंबित हुआ। निर्माण में विलंब के साथ ही अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त सुविधाओं को जोड़ने के कारण मेडिकल कॉलेज की लागत 374 करोड़ रुपए से बढ़कर 483 करोड़ रुपए हो गयी। इसी वर्ष 7 जुलाई को मेडिकल कॉलेज भवन, छात्रावास के 7 ब्लॉक, आवासीय परिसर सहित केंद्रीकृत रसोई आदि के भवनो का लोकार्पण हुआ था। जहां विधिवत कक्षाएं प्रारंभ हो गयी थी। मेडिकल कॉलेज का 500 बिस्तर का नवीन चिकित्सालय भवन अभी भी अपूर्ण है। इसका लगभग 65 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हो पाया है। इसे पूर्ण करने हेतु करीब 109 करोड के राशि की आवश्यकता है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से 500 बिस्तर के इस अस्पताल भवन की पूर्णता की आवश्यकता को समझते हुए श्री सिंहदेव ने शपथ के दिन ही छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री श्री साय से चर्चा उपरांत उन्हें पत्र प्रेषित कर दिया है। पत्र के साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज भवन के बजट से संबंधित पुनरीक्षित प्रस्ताव की प्रति भी संलग्न कर प्रेषित किया है और उम्मीद जताई है कि नयी सरकार भी अम्बिकापुर और सरगुजा अंचल के इस विशिष्ट मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।



बंधक मुक्त पहाड़ी कोरवा।

# यूपी के बागपत में बंधक बनाए गए पहाड़ी कोरवा युवकों को कराया गया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन ने की पहल, मजदूरों ने वीडियो भेजकर लगाई थी मदद की गुहार

यूपी में फंसे मजदूरों की घर वापसी को लेकर पहल शुरू हो गई है। खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में पहल की है। जिला प्रशासन की पहल एक बाद बंधक बनाए गए मजदूरों को छुड़वाया गया है और अब उनके वापसी के लिए टिकट की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा कर दी गई है। बताया जा रहा है कि जल्द ही मैनपाट क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा मजदूर सकुशल अपने घर लौट आएंगे। बता दें कि मैनपाट विकासखंड के सुपलगा क्षेत्र में रहने वाले लगभग 15 मजदूरों को अच्छा रोजगार दिलाने के नाम पर यूपी ले जाया गया था। उत्तर प्रदेश जाने के बाद पहाड़ी कोरवा युवाओं को बागपत क्षेत्र में गन्ना खेत में काम कराया जाता था और उन्हें मजदूरी भुगतान नहीं दिया जाता था। मजदूर घर वापस आना चाह रहे थे लेकिन उन्हें वापस नहीं आने दिया जा रहा था। ऐसे में ग्रामीणों ने वीडियों बनाकर मदद की गुहार लगाई थी। श्रमिकों में सुपलगा ग्राम के 19 वर्षीय रोहित, 22 वर्षीय जसमन, 20 वर्षीय संदीप, 22 वर्ष अजीत, 19 वर्षीय हरीनाथ सहित लगभग 15 लोग शामिल हैं। यूपी में बंधक बनाए गए मजदूरों की गुहार को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से 18 दिसंबर के अंक में प्रकाशित किया गया था जिसके बाद कलेक्टर कुंदन कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया है। कलेक्टर की पहल पर एसपी सुनील शर्मा ने एसपी बागपत से मजदूरों को छुड़ाने को लेकर चर्चा की थी। वहीं एसडीएम व ननि आयुक्त अभिषेक कुमार को पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई थी। कलेक्टर की पहल के बाद जिला प्रशासन की टीम ने बागपत प्रशासन से सम्पर्क किया गया। बताया जा रहा है कि बंधक बनाए गए मजदूरों को मुक्त करा लिया गया है और उन्हें घर वापस भेजने की व्यवस्था भी कर ली गई है। इसके ही कुछ मजदूरों के वापसी हेतु ट्रेन की टिकट भी कटवा दी गई है और मजदूर अब जल्द ही सकुशल अपने घर लौट आएंगे।

# अवैध रुप से खपाने के लिए लाया गया 150 बोरी धान जब्त

**राजपुर।** जिले में चल रही धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से धान खपाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। कलेक्टर द्वारा नियुक्त टीमों द्वारा जगह जगह कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुनः टीम द्वारा ट्रक समेत 150 बोरी अवैध धान जब्त किया है। बता दें कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में चल रही धान खरीदी के दौरान कोचिए व तस्कर अवैध रूप से धान खपाने की फिराक में लगे हुए है। तस्करों द्वारा यूपी बिहार व झारखंड में धान लाकर खपाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों की टीम गठित कर कोचियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में कार्रवाई जारी है। इसी दौरान एसडीएम राजपुर के मार्गदर्शन में तहसीलदार व खाद्य निरीक्षक द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम भदार निवासी अंजय प्रसाद गुप्ता के मकान की जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर घर के सामने ट्रक क्रमांक यूपी 67 टी 5944 अनलोडिंग स्थिति में पाया गया। उक्त ट्रक से मजदूरों द्वारा अंजय प्रसाद गुप्ता के घर में 150 बोरी अवैध धान भंडारित किया जा रहा था। जांच के दौरान संतोषप्रद जवाब न मिलने पर मौके पर उक्त धान को जब्त कर राजपुर थाना को सुपुर्द कर दिया गया।



## अधिकारियों ने बनाई रणनीति, भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर होगी कार्रवाई

# रिंग रोड व मुख्य मार्गों को कब्जा मुक्त कराने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर में अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों पर अब जिला प्रशासन द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। शहर के रिंग रोड को कब्जा मुक्त कराने के साथ ही मुख्य सड़कों से भी अतिरकामन हटाया जाएगा और ठेले गुमटियों को व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाएगा। शहरी व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर कलेक्टर कुंदन कुमार व एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर टीम द्वारा रणनीति तैयार की गई है। बीती रात कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहों व रिंग रोड के निरीक्षण उपरान्त आज ननि आयुक्त अभिषेक कुमार, एसडीएम फागेश सिन्हा व एएसपी पुपलेश कुमार ने संयुक्त बैठक ली। बताया जा रहा है कि रणनीति के तहत राजस्व, पुलिस, नगर निगम उड़न दस्ता टीम, एवं एनयुएलएम की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगी। नगर के व्यस्ततम चौक-चौराहे पर लगाए गए ठेले-गुमटियों, सब्जी फल दुकानों को व्यवस्थित किये जाने जगह का चिन्हांकन किया जाएगा जिससे जाम की स्थिति से निजात मिल सके। रिंग रोड के फुटपाथ पर अवैध रूप से व्यवसायियों द्वारा लगाई जाने वाली दुकानों, सामग्री को व्यवस्थित किया जाएगा जिससे वाहनों के आवागमन में दिक्कत ना हो। बस स्टैंड में बस की एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट पर लगे ठेले एवं गुमटियों को व्यवस्थित तरीके से अन्यत्र व्यवस्थापित किए जाने के लिए जगह का चिन्हांकन करने तथा नियमानुसार समझाइश देने नगर निगम आयुक्त ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर में भी वर्तमान चौपाटी के अलावा अन्य जगहों पर चौपाटी विकसित किए जाने हेतु आवश्यक स्थल का चिन्हांकन किया जाए। ननि आयुक्त आयुक्त अभिषेक कुमार ने रिंग रोड में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने, अंबेडकर चौक के आसपास दुकानदारों द्वारा सामग्री रखकर सार्वजनिक मार्ग की ओर बाधा उत्पन्न किए जाने की स्थिति के मद्देनजर पर, ऐसे जगहों पर आवश्यक कार्रवाई सहित बनारस रोड पौनी पसारी बाजार के सामने व्यावसायिक दुकानदारों द्वारा सार्वजनिक मार्ग की ओर शेड निकाल दिए जाने के कारण मार्ग पर अवैध रूप से पार्किंग पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश टीम को दिए। उन्होंने उक्त बैठक में आम नागरिकों एवं व्यवसायियों को समझाइश दिए जाने तथा नगर की व्यवस्था बनाए रखने के प्रशासन का सहयोग करने आम जनता से आह्वान किया है।

# अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट

**अम्बिकापुर।** सोमवार को पूरे दिन उत्तर की तेज रफ्तार बर्फीली हवाएं चलने के कारण दिन के तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सर्द हवाओं के प्रभाव से मंगलवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के साथ कोहरा छाने की संभावना जताई जा रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया था। सोमवार को पूरे दिन उत्तर की बर्फीली हवाएं चलने के बाद अधिकतम तापमान 2.1 डिग्री की गिरावट से 21.5 डिग्री पर पहुंच गया है। ठंडी हवाओं के प्रभाव से कनकनी युक्त ठंड पड़ रही है तथा मौसम अधिकारी मंगलवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वर्तमान में दक्षिण भारत में सक्रिय तेज हवा के संचरण के प्रभाव से ऊपरी आसमान पर हल्के बादलों की आवाजाही बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप

### अशासकीय प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति निरस्त

**बिश्रामपुर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही शासन के मंशानुरूप सहकारी समितियों में नियुक्त अशासकीय प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार द्वारा करीब एक-डेढ़ वर्ष पूर्व सहकारी समितियों में अशासकीय प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति कर समिति की संचालन व्यवस्था सुचारू रूप से जारी कराई गई थी। इसके पश्चात प्रदेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद शासन के मंशानुरूप उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सूरजपुर द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 43 (ख) (3) के परंतुक के प्रावधान अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों क्रमशः जयनगर के जुगेंद्र सिंह, लटोरी के रंजीत सिंह, सिलफिली के अवनीश सिंह, कल्याणपुर के गोवर्धन सिंह मरकाम को छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 49 (8) के तहत तत्काल प्रभाव से उक्त पद से हटा दिया गया है। समितियों के संचालन हेतु नियुक्त अशासकीय प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति को निरस्त किए जाने के बाद अभी तक नए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया डीआरपीएस द्वारा पूर्ण न किए जाने से किसानों के केसीसी कार्ड व अन्य कार्यों हेतु बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कुमदा साइडिंग से हजारों के केबल चोरी मामले में अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** 6 महीने पूर्व बेशकीमती ओएचई तार चोरी मामले में सोमवार को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी एसईसीएल कुमदा सहक्षेत्र के साइडिंग इंचार्ज रामशरण दुशाद द्वारा सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि करीब 6 महीने पूर्व कुमदा साइडिंग से अज्ञात चोरों द्वारा चार पोल के मध्य करीब 160 मीटर ओएचई कंडक्टर युक्त बेशकीमती केबल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने की सूचना मिली थी। बावजूद इसके उस समय मौके पर अत्यधिक झाड़ी होने व कार्य व्यस्तता की वजह से स्थल निरीक्षण करके रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी। मामले में गठित संयुक्त टीम द्वारा पिछले दिनों 4 दिसंबर को मौके का निरीक्षण करने पर पाया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा करीब 160 मीटर बेशकीमती केबल तार की चोरी की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपए आंकी जा रही है। मामले में सोमवार को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

## निधन

### जगदीश राय अग्रवाल

**अम्बिकापुर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी जगदीश राय अग्रवाल का निधन शनिवार को हो गया। उनका



अंतिम संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे 94 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा में बडी संख्या में स्नेही एवं स्वजन शामिल हुए। वे व्यवसायी सतीश अग्रवाल बृजमोहन अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल एवं प्रमोद अग्रवाल के पिता थे।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/480/वि.विवाह अधि./वाचक/2023 बलरामपुर दिनांक 24.11.2023

फार्म-अ

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि वर पक्ष परशु राम आ. शिवटहल उम्र 27 वर्ष जाति उरांव निवासी ग्राम हंसपुर तहसील कुसमी जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के वधु पक्ष श्रीमुनी आत्मज बुचा राम उम्र 34 वर्ष जाति उरांव निवासी ग्राम सिविलदाग तहसील कुसमी जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के अनुष्ठापित किये जाने हेतु आशयित विवाह की सूचना उक्त अधिनियम के द्वितीय अनुसूचि में प्रस्तुत किया है। जो संलग्न है। इस अनुष्ठापित होने वाले विशेष विवाह के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपति हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 24.12.2023 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात् प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी।

(सुनवाई दिनांक 24.12.2023)

(एस.एस.पैकरा)
विशेष विवाह अधिकारी
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छत्तीसगढ़)


### वन विभाग की टीम ने जब्त की ढाई लाख कीमत की 40 टन अवैध नीलगिरी लकड़ी

# जिले में लकड़ी तस्कर हुए सक्रिय, बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कर खपा रहे दिगर राज्यों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

जिले में लकड़ी तस्कर फिर से सक्रिय हो गए है जो जंगल से न सिर्फ अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करते है बल्कि दिगर राज्यों में लकड़ी को खपाते है। हालांकि वन विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है परंतु तस्कर इतना शातिर है कि वन विभाग को चकमा देकर लकड़ी तस्करी करने में लगे हुए है। वन विभाग की टीम ने बीती रात लकड़ी तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 40 टन नीलगिरी का गोला लोड दो ट्रकों को पकड़ा जिसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। नीलगिरी गोला को बतौली क्षेत्र से उत्तराखंड जशपुर ले जाया जा रहा था।

**खास बात**
- उत्तराखंड के जशपुर ले जाया जा रहा था लकड़ी

क्षेत्र में गश्त कर रहे वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दो ट्रकों में बड़ी संख्या में नीलगिरी का गोला लोड कर दूसरे राज्य ले जा रहा है। सूचना पर सीतापुर वन विभाग के रेंजर विजय तिवारी की नेतृत्व में विभाग के वनपाल बतौली के राजेश बराडे, वन रक्षक जयपाल लकड़ा, देवेन्द्र सिंह ने बतौली पेट्रोल पंप के समीप दोनों ट्रकों को पकड़ा। दोनों वाहनों में लोड लगभग 40 टन नीलगिरी लकड़ी के सबंध में ट्रक चालकों से दस्तावेज की मांग की तो दोनो के पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। वाहन चालकों के पास एसडीएम, तहसीलदार का अनुमति प्रमाण पत्र भी नहीं था और न ही ग्राम पंचायत द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं था। जिस पर वन विभाग की टीम ने नीलगिरी गोला लोड वाहनों को जब्त कर लिया। साथ ही ट्रक को सीतापुर वन विभाग में रखा गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना देने के बाद दो ट्रकों में जब्त लकड़ी विकासखंड बतौली के ग्राम पंचायत टेडगा से दो दिनों में हाइड्रा से लोड कर ट्रक क्रमांक यूपी 21 सीपी 8111 में 17 नग नीलगिरी का गोला इसके चालक मोहम्मद हसीब पिता मोहम्मद गुफरान निवासी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश तथा ट्रक क्रमांक एचआर 55 एडी 6127 में 112 नग नीलगिरी का गोला वाहन चालक अब्दुल वारिस आ. वाहिद हुसैन निवासी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से कुल 40 टन लकड़ी लोड था। लकड़ी को उत्तराखंड के शहजाद इंटरप्राइजेज लकड़ी मिल जसपुर ले जाया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है।



कार्रवाई करते अधिकारी।



कार्रवाई के दौरान जब्त लकड़ी लोड ट्रक।

#### थाने में दर्ज कराया गया मामला

वन विभाग की टीम ने लकड़ी के संबंध में वाहन चालकों से दस्तावेज की मांग की तो चालकों के पास ग्राम पंचायत टेड़गा सरपंच देव कुमार का सील लगा हुआ कागज था जिसमें लकड़ी की संख्या कुल 129 नग अंकित किया गया है। जबकि इसके अलावा दोनों वाहन चालकों के पास लकड़ी के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। वन विभाग द्वारा वाहन चालकों के विरुद्ध बतौली थाने में भी मामला दर्ज करवाया गया है।

#### विभाग द्वारा की जा रही जांच

बतौली के ग्राम पंचायत टेड़गा से दो ट्रक में लोड कर नीलगिरी के 40 टन लकड़ी उत्तराखंड के शहजाद इंटरप्राइजेज लकड़ी मिल जसपुर ले जाया जा रहा था जिसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपए है। चालकों के पास दस्तावेज नहीं होने पर ट्रक सहित लकड़ी को जब्त कर कार्रवाई की गई है। लकड़ी तस्करों द्वारा हाइड्रा वाहन से दो दिनों में ट्रक में लकड़ी को लोड किया गया था। आगे की कार्रवाई हेतु वन विभाग द्वारा जांच किया जा रहा है।

-**विजय तिवारी**, वन परिक्षेत्र अधिकारी सीतापुर



# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

उदयपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ में जिपं सीईओ नूतन कुमार की मौजूदगी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया जिन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुरस्कृत किया। लक्ष्मणगढ़ में भारत संकल्प यात्रा के तहत लक्ष्मणगढ़, शानीबर्रा, सेमी घोघरा, सुखरी भंडार, शायर, भकूरमा गांव के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों को मोदी सरकार की योजनाओं के संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया जिसमें 50 से 60 बच्चों ने सही जवाब दिया जिसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कॉपी पेन देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा गांव के दूरस्थ व्यक्ति तक योजनाओं को लाभ पहुंचाना है। इस दौरान तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, जनपद सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, बीपीएम रोशन गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी सुनील मिश्रा, भाजपा नेता विनोद हर्ष, अनिल प्रताप सिंह, अखंड विधायक सिंह, प्रबोध सिंह, शुभम भदौरिया, बीडीसी मीना सिंह, चंद्र बसु यादव, राजू तिवारी सहित गांव के सरपंच, पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

## महायज्ञ को लेकर हुई समिति की बैठक



**रामानुजगंज।** नवाडीह महायज्ञ समिति की बैठक नवाडीह में सम्पन्न हुआ। सितम्बर माह में प्रस्तावित महायज्ञ के स्थगन के उपरांत समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में 43 गांवों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। समिति के अध्यक्ष विनोद गुप्ता द्वारा प्रस्ताव रखा कि नवाडीह महायज्ञ के सकुशल संपादन के लिए स्थानीय व्यक्ति को अध्यक्षता दी जाए। जिस पर चर्चा उपरांत उनका प्रस्ताव स्वीकार कर स्थानीय उपेन्द्र यादव को अध्यक्षता सौंपा गया। उन्होंने पुनीत कार्य के सफल आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।समिति ने निर्णय लिया कि 21 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू कर 22,23 एवं 24 फरवरी तक तीन दिवसीय वैदिक रीति-नीति से नावाडीह में महायज्ञ किया जाएगा। सभा को ज्ञानयज्ञ परिवार के मुखिया मोहन गुप्ता, रामराज और संजय तांती ने भी संबोधित किया। ब्रज नगर के समिति के सदस्य बिजेंद्र यादव की अध्यक्षता में ज्ञानेंद्र आर्य ने सभा का संचालन किया।

**तीन राज्यों से 180 सर्व यादव समाज के डेलीगेट का मैनपाट में भव्य स्वागत**

# एक संगठन एक बैनर तले सभी मिलकर समाज को बढ़ाएं आगे : देवनारायण

**डांड़गांव।** सरगुजा संभाग का सर्व यादव समाज समरता बैठक का आयोजन 17 दिसंबर को सपनादर मैनपाट शिव एवं राधा कृष्ण मंदिर के आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश,उड़ीसा के विभिन्न जिलों से यादव समाज के 180 यादव समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव द्वारा संभाग के सर्व यादव समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक यादव समाज संगठित के बारे में विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ स्थानों पर समाज का अलग-अलग नाम से भी संगठन बना कर समाज के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन समाज को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि पूरे प्रदेश में एक बैनर एक संगठन के तले काम करने से समाज और तेजी से आगे बढेगा। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ गढ़ के 36 जिलों में बेहतरीन ढंग से संगठित होकर काम कर रहा है और समाज मजबूती से कैसे आगे बढ़े इस पर भी चिंतन करने की जरुरत है। शिवनाथ यादव ने कहा कि यादव समाज बहुत सारे कुरी मे बटा हुआ है फिर भी हम सर्व यादव समाज में संगठित हैं। उन्होंने कहां कि सरगुजा संभाग के यादव सभी संगठित हैं। तीनों राज्य से आये डेलीगेट के प्रमुख प्रतिनिधी जोहत राम यादव, बलदेव यादव, राम सिंह यादव, परमानंद यादव ,नवरोत्तम यादव, समलिया यादव, हरीश यादव, राजू यादव ने भी समाज को एक माले में मोती की तरह जोड़ने की बात कही। इस दौरान जमुना यादव, अटल यादव, पारस यादव, नथुनी यादव, गणेश यादव, मोती यादव, नागेश्वर यादव, बसंत यादव, अवनीश यादव, संतोष यादव, चंद्रिका यादव, लखन यादव, एस नाथ यादव, विजय यादव, चंद्रबाबू यादव, कृपाल यादव, मोहन यादव, सुदर्शन यादव, कमलेश यादव, तारा चंद यादव, बाल किसुन यादव, देवधारी यादव, अम्बिका यादव, दूध नाथ यादव,अमृत लाल यादव, महेश यादव, तेजधारी यादव, गुलाब यादव, त्रिवेणी यादव, रामनरायन यादव, बल किशुन यादव, बाल नाथ यादव, प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



# भाजपा ने गुरु घासीदास व रविशंकर को जयंती पर किया याद

**अंबिकापुर।** भाजपा द्वारा संकल्प भवन में संत गुरु घासीदास की जयंती व पंडित रविशंकर त्रिपाठी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि महान संत बाबा गुरु घासीदास सामाजिक आर्थिक शोषण, जातिवाद, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाते रहे, उन्होंने समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया, उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

पंडित रविशंकर त्रिपाठी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हुए जुझारू कार्यकर्ता थे। वर्ष 1975 में मीसा बंदी रहे और 2010 तक 35 साल का राजनीतिक जीवन में उन्होंने संगठन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। आगे उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणा स्रोत शख्सियत, कर्मठ व्यक्ति की स्मृति हम कार्यकर्ताओं में स्थाई रूप से रहना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केसरी, मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, अभिषेक शर्मा, मधु चौदहा, विकास पाण्डेय, रूपेश दुबे, विश्वविजय तोमर, दीपक सिंह तोमर, सर्वेश तिवारी, आकाश गुप्ता, नकुल सोनकर, अजय सिंह बबलू, शैलेश सिंह, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विद्यानंद मिश्रा, अनिल जायसवाल, मनोज सोनी, कृष्ण शर्मा, दूधनाथ गोस्वामी, निरंजन रॉय, वीर सोनी सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।




TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 17 दिसम्बर 2023, रविवार
डॉ. सिद्धार्थ साहू — MBBS, MS General Surgery, DNB Neurosurgery, न्यूरोसर्जन विशेषज्ञ
डॉ. करण सराफ — MBBS, MD MEDICINE, DM (NEPHROLOGYO, CUNSULTANT NEPHROLOGIST & TRANSPLANT PHYSICIAN
डॉ. रितेश रंजन — MBBS, MS, MCH (Mumbai), Neonatal & Pediatric Surgeon
गायत्री हॉस्पिटल — CREATING HEALTHY TOMORROW, A MULTISPECIALITY HOSPITAL, 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

SRS HOSPITAL — न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
- जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
- 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
- 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध

More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

अमृत काढ़ा काजमी — यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा माल्ट — यह दवा पुरूष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर — यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीथिलता एवं शीघ्रतपन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माताः- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
16 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी — एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
डॉ. रोशन लाल वर्मा — MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES) दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. अनिल कुमार यादव — एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी, सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. आर. के. साहू — MBBS, MD (MEDICINE), DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST, किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
- फिर से होने की संभावना सबसे कम।
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) — पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध — जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।



# बघीरा का जबर्दस्त टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और वैश्विक संसेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। अब प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट "बघीरा" का टीज़र लॉन्च किया है। बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो हमें फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है।

लाइफ Style

# आलिया

## बेटी राहा को छोड़ना आसान नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा के सेपरेशन एंग्जाइटी पर खुलकर बात की है और बताया है कि कैसे उनके लिए अपनी खुशियों को छोड़ना कभी आसान नहीं होता।



आलिया और एक्टर रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने वास्तु अपार्टमेंट वाले घर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। नवंबर 2022 में उनके घर में बेटी राहा का जन्म हुआ। एक्ट्रेस आलिया ने अपने फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया। एक यूजर ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा के लिए सेपरेशन एंग्जाइटी महसूस करते हैं। आलिया ने फैन को जवाब देते हुए कहा, उसे छोड़ना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह देखते हुए कि मेरे दूर रहने पर भी वह परिवार के साथ है, मुझे राहत महसूस कराता है। एक्ट्रेस ने अपनी बच्ची के कुछ निकनेम भी साझा किए, राहु, रारा लॉलीपॉप। इसके अलावा, एक फैन ने उनसे पूछा, आप चिंता से कैसे निपटती हैं? उन्होंने कहा, हम सभी में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं, उदाहरण के लिए मैं खुद को किसी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन मुझे यह समझने में काफी समय लग गया। आलिया ने आगे कह, कभी-कभी आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

हॉलीवुड मसाला



# स्टनिंग लुक से बांधा समा

**लॉस एंजेलिस।** एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो हॉलीवुड की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। हाल ही में इस सुपरमॉडल को मियामी में एक पार्टी को अटैंड करते हुए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से लोगों का खूब ध्यान खींचती नजर आईं। पार्टी से एक्ट्रेसेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस इस दौरान ऑफ व्हाइट सीक्विन्ड मिनीड्रेस में काफी स्टनिंग दिखीं।




# घूमर मेरे कॅरियर का टर्निंग पाइंट...

**मुंबई।** बॉम्बे बेगम्स, हड्डी जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं। इवांका ने कहा, मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट घूमर है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं।



# शूटिंग के दौरान हुए वरुण घायल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट वीडी 18 की शूटिंग में बिजी हैं। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। वीडी 18 की शूटिंग के वक्त वरुण धवन एक बार फिर खुद को घायल कर लिया है। उनका पैर सूजा नजर आ रहा है। साथ ही पैर पर लाल घाव का निशान भी दिखाई दे रहा है। वरुण ने खुलासा किया है कि लोहे की रॉड से पैर टकराने के बाद वह घायल हो गए हैं। वरुण धवन ने अगस्त में वीडी 18 की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी और एटली द्वारा किया जाएगा। एक्टर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपडेट शेयर करते रहते हैं।




# द कर्स ओटीटी पर 29 को होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सीरीज द कर्स अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह आठ एपिसोड का एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर शो है। 'द कर्स' 29 दिसंबर को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नाथन फील्डर, नाथन ज़ेलनर और डेविड ज़ेलनर ने किया है। एम्मा स्टोन बेनी सफ़ी, हिकमा वारसेम, क्रिस्टोफर डी काल्डेरन, बरखाद आब्दी, सिडनी और सामंथा एशले के साथ अभिनय किया हैं। द कर्स सीरीज़ की कहानी तब शुरू होती है जब एशर और व्हिटनी की शादी को एक साल हो चुका है और दोनों उत्तरी न्यू मैक्सिको के एस्पनोला शहर में रहते हैं। इस तथ्य से निराश होकर कि यह एक अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्र है, दंपति आशेर के दोस्त डौगी शेक्टर की मदद से एक अभियान चलाते हैं।

## रुबीना ने जुड़वा बेटियों को दिया जन्म..?



**मुंबई।** टीवी अदाकारा रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला अपनी लाइफ में एक कदम आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। फैंस को जब से पता चला था कि रुबीना मां बनने वाली हैं, सभी बेहद खुश हो गए थे, और अब सभी को गुड न्यूज का इंतजार है। खबर आ रही है कि रुबीना और अभिनव पेरेंट्स बन गए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा अभी एक्ट्रेस की ओर से नहीं हुआ है। हालांकि इस बात की जानकारी एक्ट्रेस की पायलट ट्रेनर ने की और बताया कि रुबीना ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। ऐसे में अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## 'पुष्पा- द राइज' के दो साल पूरे, रश्मिका ने जताया आभार



**मुंबई।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है। यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं। 'पुष्पा द राइज' ने महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने 365 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म साल 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। इसमें रश्मिका के किरदार को बहुत सराहा गया था।

## शांतनु से अलग हुईं सारा की राहें...



**मुंबई।** ग्लैमर वर्ल्ड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। अब तक इंडस्ट्री से कई ऐसे कपल्स हैं, जो एक दूजे संग कई सालों तक रिलेशन में रहने के बाद अलग हो गए। अब हाल ही में टीवी इंडस्ट्री की एक और खूबसूरत जोड़ी का अंत हो गया है। एक्ट्रेस सारा अली खान का उनके बॉयफ्रेंड शांतनु राजे से ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। सारा खान ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने ब्रेकअप की घोषणा करते हुए लिखा, आपसी सहमति से मैंने और मेरे पार्टनर ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया है।

## श्रुति ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया एक्शन फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रुति ने शराब के सेवन करने के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किया है। श्रुति ने शराब का सेवन न करने को लेकर कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आठ साल से शराब का सेवन नहीं कर रही हूं, इसलिए मैं शांति से अपनी लाइफ जी रही हूं। लेकिन जब आप शराब नहीं पी रहे हों, तो पार्टी में लोगों को बर्दाश्त कठिन हो जाता है। हालांकि, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि मैं कोई हैंगओवर नहीं कर रही हूं। श्रुति ने उन दिनों के बारे में बताया जब उन्हें शराब और पार्टी करने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी ड्रग्स का सेवन नहीं किया है।

## तृप्ति की जिंदगी में मिस्ट्री मैन की एंट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वक्त वेडिंग सीजन का लुत्फ उठा रही हैं। खुद एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक फोटो फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। दरअसल फोटो में एक्ट्रेस किसी मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। फिर क्या था, फोटो देखते ही फैंस ने एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया। लोगों ने तो ये तक दावा कर दिया कि एक्ट्रेस इस मिस्ट्री मैन को डेट कर रही हैं। बता दें कि जिस शख्स के साथ एक्ट्रेस नजर आ रही हैं उनका नाम सैम मर्चेंट है। सैम ने अपने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की थी। यही नहीं सैम ने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉम्पिटीशन में खिताब भी जीता था। अब सैम गोवा में अपने खुद का क्लब और होटल रन कर रहे हैं।

# उभरते सितारे : 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

*मुंबई। जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।*

### शनाया कपूर - वृषभ



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी - अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म



अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली सरज़मीन



पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ₹सरज़मीन₹ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन - इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ



प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ₹इश्क विश्क रिबाउंड₹, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

## खबर संक्षेप

### बतौली के नए सीईओ एलएन सिदार ने किया कार्यभार ग्रहण

**बतौली/ सेदम।** कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा विधानसभा चुनाव पश्चात प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एलएन सिदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंबिकापुर को प्रशासनिक व्यवस्था के तहत आगामी आदेश पर्यंत तक बतौली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बतौली का कार्यभार सौपा गया है। जबकि बतौली मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय नारायण श्रीवास्तव को आगामी आदेश पर्यंत तक कार्यालय, परियोजना प्रशासक,एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंबिकापुर में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।

### भाजपा ने किसानों से किया झूठा वादा : ज़फ़र हैदर

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जफर हैदर ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि किसानों से वोट की लालच में कांग्रेस ने नहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने झूठ बोला है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 2 लाख तक का किसानों का कर्ज माफ करने का झूठा वादा चुनाव जीतने के लिए किया था। अब जब चुनाव जीत चुके है और प्रदेश में सरकार बन चुकी है तब अपने वादे से पलट कर छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ धोखा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 2018 के विधानसभा चुनाव में जो वादे किए थे किसानों के कर्ज माफी और वादे अनुरूप मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी की। जफर हैदर ने यह भी कहा कि अगर आज छत्तीसगढ़ किसान आर्थिक रूप से सक्षम हुआ है और प्रदेश के किसानों की स्थिति बेहतर हुई है तो यह हमारे किसानों की मेहनत और कांग्रेस सरकार की योजनाओं का असर है।

## पेज 1 के शेष...

### रात के समय छात्रावासों...

निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिले के एसडीएम, तहसीलदार को शाम 6 बजे के बाद छात्रावासों के आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि बालिका छात्रावासों में महिला अधिकारियों की मौजूदगी में निरीक्षण किया जाए। इसके साथ ही अधीक्षकों को रात के समय छात्रावास में मौजूद रहने का स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है। ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त साधन उपलब्ध रहें। खिड़कियां, वेंटिलेशन ढके हो, भोजन गुणवत्ता, शैक्षणिक स्तर, शौचालय की स्थिति, परिसर में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई कि छात्रावासों में कई अधीक्षक 6-7 वर्षों से जमें हुए है लेकिन हॉस्टल की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया है। कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों को चेतावनी दी है कि व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए अन्यथा उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## परिसर की सड़कों का होगा चौड़ीकरण

# रेलवे स्टेशन परिसर का बदलेगा परिदृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

लम्बे समय से उपेक्षित स्थानीय रेलवे स्टेशन का परिदृश्य बदलने की तैयारियां शुरू हो गई है। यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर की सड़क का चौड़ीकरण करने के साथ ही पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने की तैयारियां शुरू कर दी है। रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत स्टेशन परिसर का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है।

**खास बात**
- पूरे प्लेटफार्म पर बनेगा शेड, अलग-अलग होगी कार एवं दोपहिया पार्किंग व्यवस्था

तत्कालीन सांसद एवं रेल राज्य मंत्री लरंगसाय की पहल से जिला मुख्यालय को वर्ष 2006 में रेल सुविधा से जोड़ा गया। रेलवे द्वारा पैलेस की तर्ज पर भव्य रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया, लेकिन पहली बार किसी हाल्ट की तर्ज पर ट्रेन का संचालन हुआ। तब रेल सुविधा से शहर का जुड़ना बड़ी उपलब्धि थी। वर्ष 2009 में पहली बार प्लेटफार्म का निर्माण किया गया, लेकिन छोटे स्टेशन की तरह स्टेशन बिल्डिंग के सामने के प्लेटफार्म पर ही शेड का निर्माण किया गया। धीर-धीरे ट्रेनों के परिचालन में वृद्धि होने के साथ ही यात्रियों की संख्या में भी गुणात्मक वृद्धि हुई तथा यात्री सुविधाएं बढ़ाने की मांग जोर पकड़ने लगी। क्षेत्रवासी लम्बे समय से रायपुर सहित अन्य शहरों के लिए ट्रेन चलाने के साथ ही दूसरा प्लेटफार्म बनाने, पूर्व में बने एक मात्र प्लेटफार्म पर शेड, निर्माण कराने, वाशिंग पिट लाइन, कैंटीन आदि सुविधा शुरू करने की मांग कर रहे हैं। सर्वदलीय रेलवे संघर्ष समिति भी स्टेशन में सविधाएं बढ़ाने को लेकर कई बार रेल मंत्रालय को ज्ञापन सौंप चुकी है। यात्री सुविधाओं का ध्यान रखते हुए रेलवे ने प्रथम दौर में प्लेटफार्म पर शेड निर्माण, स्टेशन परिसर की सड़क का चौड़ीकरण कराने एवं वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था अलग-अलग स्थानों पर करने की स्वीकृति प्रदान की है। निर्माण योजना के माध्यम से कराया जा रहा है। योजना के तहत एजेंसी तय कर निर्माण प्रारंभ भी कर दिया गया है। अधिकारी 6 महीने के भीतर प्रस्तावित निर्माण कार्य पूरा कराने का दावा कर रहे हैं। रेलवे ने वाशिंग पिट लाइन एवं अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूर कर दिया है लेकिन अभी बजट स्वीकृति नहीं मिली है। आगामी रेल बजट में इनकी बजट स्वीकृति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।


रेलवे स्टेशन परिसर।

### बरसात में मिलेगी रात

गतिशक्ति योजना के तहत स्टेशन के एक मात्र प्लेटफार्म पर शेड निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शेड निर्माण के लिए पूरे प्लेटफार्म पर खाली प्लेटफार्म पर पिलर लगाए गए हैं। रेलवे द्वारा प्रारंभ में तीन शेड का निर्माण किया गया था जबकि योजना के तहत छह शेड का निर्माण किया जा रहा है। शेड निर्माण पूरा होने के बाद यात्रिकों को काफी राहत मिलेगी तथा बरसात में कहीं भी आसानी से ट्रेन से उतर सकेंगे। पहले लोग बरसात के दौरान भींगते हुए ट्रेन से चढ़ते-उतरते थे। योजना के तहत रेलवे प्लेटफार्म के मुख्य फार्म की सीढ़ी तक पक्का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद भवन में दोनों ओर कांच लगाने की तैयारी है।

### बेतरतीब खड़े ऑटो से मिलेगी मुक्ति

स्टेशन पर ट्रेनों के पहुंचने के पूर्व ही परिसर की सड़कों पर बेतरतीब तरीके से चालक अपनी वाहनों को खड़े कर देते हैं। इस दौरान रेलवे परिसर की सभी सड़कें जाम हो जाती है। इस दौरान दूसरे वाहनों का आना-जाना संभव नहीं होता। रेलवे प्रशासन ने फिलहाल परिसर में ऑटो का प्रवेश रोक दिया है तथा परिसर में ऑटो का प्रवेश रोक दिया है तथा परिसर के बाहर वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था की है। गति शक्ति योजना के तहत दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग बनाने का निर्णय लिया गया है। परिसर के किनारे कार पार्किंग निर्माण के लिए जगह का चिन्हांकन किया गया है। पास में ही दोपहिया वाहनों का पार्किंग बनेगी। अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के वाहन खड़ा करने के लिए बीच परिसर के बीच में व्यवस्था की जाएगी। आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए परिसर की दोनों सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। दोनों सड़कों की चौड़ाई 8 फीट बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

### संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण की मांग

एनएच 43 से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाला पहुंच मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने के साथ ही बीच में डिवाइडर बनाने की जरूरत लम्बे समय से महसूस की जा रही है। वाहनों के बेतरतीब आवागमन से हमेंशा दुघर्टना का भय बना रहता है। ट्रेनों के पहुंचने एवं छूटने के समय चार पहिया एवं दो-पहिया वाहनों के बेतरतीब आवागमन एवं पार्किंग से यात्रियों को भारी परेशानी होती है। यात्री आवागमन की सुविधा के मद्देनजर लम्बे समय से संपर्क मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने एवं बीच में डिवाइडर बनाने की मांग कर रहे हैं।

### चल रहा निर्माण

गतिशक्ति योजना के तहत स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म में शेड निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत शेड निर्माण एवं मुख्य द्वार पर पक्के भवन का निर्माण चल रहा है। अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं वाशिंग पिट निर्माण के लिए शीघ्र बजट स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

-राकेश रंजन
स्टेशन मास्टर


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# व्यावसायी को धमकी देने वाला आरोपी बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

व्यवसायी व उसके पुत्र का अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देकर डेढ़ लाख रुपए की मांग करने वाले आरोपी को पुलिस ने बिहार राज्य से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व रेलवे स्टेशन चौक बिश्रामपुर निवासी प्रार्थी सुभाष अग्रहरि व उसके पुत्र के मोबाईल फोन नंबर व ईमेल आईडी को हैक करके अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके किसी अज्ञात महिला के साथ अश्लील फोटो प्रार्थी के मोबाईल पर भेजकर पैसे की मांग की गई थी। पुलिस ने बताया कि अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थी से मोबाइल पर फोटो भेजने के सप्ताह भर पूर्व डेढ़ लाख रुपए की मांग की गई थी और रकम न देने पर अश्लील फोटो वायरल करने की बात कही गई थी। अश्लील फोटो आरोपी द्वारा प्रार्थी के मोबाईल फोन पर भेजे जाने उपरांत प्रार्थी ने 1 अगस्त 2022 को मामले की रिपोर्ट बिश्रामपुर थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर नई तकनीक साइबर सेल के सहयोग से पुलिस ने मामले के आरोपी बिहार के लखीसराय जिला अंतर्गत ग्राम वीरूपुर निवासी 30 वर्षीय संतोष कुमार पिता विपिन राम को बिहार से गिरफ्तार कर बिश्रामपुर ले आई है। पुलिस द्वारा सोमवार को मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 507, 387 व 67 ए आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए सुरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।उक्त कार्रवाई में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई अलरिक लकड़ा, उपनिरीक्षक एसआर भगत, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह, आरक्षक दीपक सिंह, अखिलेश पांडेय, कुंदन सिंह व अन्य सक्रिय रहे।

# दम्पती को नौकरी लगाने के नाम नाम पर 1.76 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

नौकरी लगाने के नाम पर 1.76 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को उत्तर प्रदेश एक इलाहाबाद से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवक द्वारा महिला से ठगी करने की बात कबूल कर ली गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनीषा सिंह पति राकेश सिंह वर्ष 2019 में बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल में काम करते थे। इस दौरान आश्रय स्थल में बिहार के औरंगाबाद निवासी युक शम्भू शरण भी आकर रुकता था। इस दौरान महिला व उसके पति की शम्भू शरण से जान पहचान हो गई थी। शम्भू शरण ने खुद को थोक सब्जी विक्रेता बताया था और प्राइवेट नौकरी लगाने के नाम पर पति पति को विश्वास में लेकर वर्ष 2023 में उनसे अलग अलग किस्तों में 1 लाख 76 हजार रुपए ले लिए थे लेकिन जब उन्हें प्राइवेट नौकरी नहीं मिली तो उन्हें अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। इस दौरान शम्भू शरण ने दम्पति का फोन उठाना भी बंद कर दिया था। ऐसे में दम्पति ने कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस द्वारा मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।



- इलाहाबाद से गिरफ्तार किया गया आरोपी

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला व एसडीओपी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। इस दौरान तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद रवाना किया गया था। टीम द्वारा इलाहाबाद में घेराबंदी कर बिहार के औरंगाबाद निवासी 23 वर्षीय शम्भू शरण उर्फ कुंदन आ. बलराम ठाकुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी एएसआई मनोज सिंह, आरक्षक रमेश रजवाड़े, कुमेश कंसारी आदि सक्रिय रहे।



### बौद्धिक परिचर्चा में जैव संरक्षण की दी गई जानकारी

**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र का शुभारंभ डॉ. चंदन कुमार विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र एवं डॉ. शिवानी गुप्ता प्राणी शास्त्र द्वारा द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। डॉ. चंदन कुमार ने जैव विविधता संरक्षण पर उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि सर्प किसानों का सहयोग किस प्रकार से करते हैं। इसके पश्चात सांपों की प्रजाति एवं उनके विश्व के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा बच्चों को भी गांव में सर्प संरक्षण के संबंध में जागरूकता फैलाने की बात कही जिससे सांपों का संरक्षण किया जा सके और हमारी जैव विविधता भी किसी प्रकार से नुकसान न हो। डॉ. शिवानी गुप्ता ने पानी में उपस्थित फ्लोराइड के संबंध में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। उन्होंने बताया की पेयजल में कितनी मात्रा में फ्लोराइड होनी चाहिए। फ्लोराइड युक्त पानी के नुकसान एवं बचाव के संबंध में विस्तार से समझाया। साथ ही फ्लोराइड के कारण लोगों को किस प्रकार की बीमारियां होती हैं इस संबंध में बताया।

# जिला स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में सलका की टीम को मिला विजेता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मानीचौक

ग्राम पंचायत डेडरी में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला में सलका की टीम विजयी रही। ग्राम डेडरी में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र के कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें से बेहतर खेल कर प्रदर्शन कर सकला व डेडरी की टीम ने फाइनल में जगह बनाई।

दोनो टीम के मध्य रविवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। डेडरी की टीम टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। वही पहले बल्लेबाजी करने उतरी सलका की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 109 रन बनाकर विरोधी टीम को 110 रन का लक्ष्य दिया। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेडरी की टीम ने मात्र 65 रन पर ही सिमट गई जिससे सलका की टीम 45 रन से शानदार जीत हासिल किया और खिताब अपने नाम किया। आयोजक कमेटी द्वारा विजेता टीम को 15 हजार रुपए नगद व उपविजेता टीम को 8 हजार रुपए नगद सहित शील्ड देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द सीरीज विजेता टीम के मुनेश्वर देवांगन को मिला, मैन ऑफ द मैच मिथलेश रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद सदस्य समिता आर्मो, भाजपा नेता दरोगा सिंह, सुरेंद्र राजवाड़े, कामता प्रताप, सरपंच दिनेश सिंह, रामकुमार राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।


अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।

# पिता ने नया जूता नहीं दिलाया तो बेटे ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

नया जूता नहीं मिलने से नाराज आठवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बालक को उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि असोला बरगाह पारा निवासी विनोद बरगाह चाट ठेला लगाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता है। विनोद बरगाह का पुत्र 12 वर्षीय रवि बरगाह कक्षा आठवीं में पढ़ाई करता था और छात्र द्वारा विगत कुछ दिनों से पिता को नए जूते दिलाने की जिद की जा रही थी। इस दौरान पिता ने बच्चे को जल्द ही जूते दिलाने का आश्वासन दिया था। पुलिस के अनुसार रविवार की शाम रवि बरगाह अपनी मां के पास पहुंच गया और जूते दिलाने की जिद करने लगा। मां ने जब बच्चे को समझाने का प्रयास किया तो वह नहीं माना ऐसे में मां ने बच्चे को फटकार लगा दी। मां से फटकार खाने के बाद बच्चा दौड़ते हुए घर के समीप रहने वाले अपने चाचा सूलन बरगाह के घर चला गया और चाचा के घर में सुनसान पड़े स्थान पर रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। इसी दौरान महिला भी बच्चे के पीछे दौड़ती हुई मौके पर पहुंची तो बच्चे को फांसी पर झूलता हुआ देखकर उसके होश उड़ गए। आनन फानन में परिजन द्वारा बच्चे को उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है। वहीं मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर आज शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

- अस्पताल में किया गया मृत घोसित, असोला की घटना

### बाइक समेत सड़क किनारे गिरे चाचा-भतीजा, चाचा की मौत

**अम्बिकापुर।** बैंक से पैसा निकाल कर घर लौट रहे बाइक सवार चाचा-भतीजा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए चाचा की मौत हो गई जबकि भतीजा का उपचार जारी है। सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम कंवई निवासी भजन राम कोरवा आ. स्व. मंडला (38 वर्ष) 13 दिसंबर को भतीजा श्रीराम के साथ बाइक से चंपा बैंक गया था। बैंक से पैसा निकाल कर दोनो वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम ननेरा के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में चाचा-भतीजा घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को सन्ना अस्पताल से जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने भजन राम की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# अक्षत कलश शोभा यात्रा किया गया भव्य स्वागत



**उदयपुर।** श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश भव्य शोभायात्रा उदयपुर शिव मंदिर से नगर में भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बीते दिनों अयोध्या से अंबिकापुर अक्षत कलश आया जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 7 दिसंबर को उदयपुर लाकर गायत्री मंदिर में स्थापित कर 17 दिसंबर तक पूजा अर्चना किया गया। गत दिन शिव मंदिर में 9 अक्षत कलश स्थापित कर पंडित द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ कराया गया। पूजा में 9 जोड़े ने अनुष्ठान किया और श्रीराम की झांकी निकालकर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रीराम का पूजा किया। विकास खंड उदयपुर के महेशपुर, उदयपुर, घाटबर्रा, डांडगांव, केदमा, सलका, खमरिया, जजगा, ललाती 9 मंडल में एक-एक कलश भेज कर पूजा अर्चना किया जा रहा है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम का नव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। कलश यात्रा में रामप्रसाद गुप्ता, संपत चंदेल, सुखराम यादव, देवनारायण यादव, कन्हाई राम बंजारा, कल्पना भदोरिया, अंजना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मितानिन व पंचों को साड़ी-शाल देकर किया गया सम्मानित

**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत पटना के सरपंच श्रीमती विमला सिंह मराबी द्वारा मितानिन दिवस के अवसर पर मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं पंचों को साड़ी, शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सिंह मराबी ने कहा कि मितानिन दीदियों द्वारा गांव के गर्भवती माताओं को प्रसव कराने के लिए अस्पताल तक ले जाने के अलावा कई कार्य अमूल्य कार्य करते है। समय समय पर टीकाकरण, कुष्ठ रोग उन्मूलन, कोरोना जैसी महामारी के साथ स्वास्थ्य जागरूकता में भी बेहतर काम किया हैं। इसी तरह गांव के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा कार्य रहा है। गांव में टीबी, शुगर, बीपी, थायराइड, खांसी, सर्दी,जुकाम के साथ अन्य गंभीर बीमारियों का परीक्षण शिविर के माध्यम से करते है जिसका लाभ लोगों को मिलता है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सभी वार्ड पंचों का भी गांव के विकास के लिए कदम से कदम मिलाकर पंचायत को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान उप सरपंच मिथिलेश्वर सिंह मराबी, पंच मदन सारथी, उमाशंकर मराबी, हिरामुनी नेताम, रितु चक्रधारी, संगीता ओरकरा, हरिनंदन सिंह नेताम, पार्वती, मितानिन, सचिव रामदुलार सिंह सहित सभी वार्ड पंच उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. प्राची जायसवाल — MBBS, DGO स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप जायसवाल — MBBS, MS जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ए. के. श्रीवास्तव — जनरल फिजीशियन
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध